कक्षा-4 अध्यापिका-श्रीमती पूजा सहगल / श्रीमती जितेंद्र कौर

दिनांक : _फरवरी, 2022

पाठ - 15 कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

शब्दार्थ

पर्यटन - देश विदेश में घूमना

संरक्षण - देखभाल

वन्य - वन संबंधी

प्राकृतिक - प्रकृति से जुड़ा

दर्शनीय - देखने योग्य

विशेष - खास

दुर्लभ - जो कठिनाई से मिले

संपूर्ण - पूरा

मौखिक प्रश्न उत्तर

क) हिमानी ने यह पत्र कहाँ से लिखा है ?
ख) उः नोएडा से ।

ख) प्रः चाचा जी ने कहाँ जाने का सुझाव दिया ?

उः कान्हा राष्ट्रीय उद्यान ।

ग) प्रः कान्हा राष्ट्रीय उद्यान जबलपुर से कितनी दूर है ?

उः 175 किलोमीटर |

घ) प्रः राष्ट्रीय उद्यान कितने वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है ?

उः 940 वर्ग किलोमीटर में।

ङ) प्रः कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में कौन-कौन सी नदियाँ बहती है ?

उः बंजर और हेलॉन।

लिखित प्रश्न -उत्तर

क) प्रःकान्हा राष्ट्रीय उद्यान किस लिए जाना जाता है ?

उः कान्हा राष्ट्रीय उद्यान जीव - जंतुओं के संरक्षण के लिए जाना जाता है ।

ख) चाचा जी ने रास्ते में क्या जानकारी देते जा रहे थे ?

उः: चाचा जी बता रहे थे कि यह वन्य पशुओं का घर है । इन्हें मारना और परेशान करना बिल्कुल मना है ।

ग) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में कौन-कौन से वन्य जीव है ?

उः इस राष्ट्रीय उद्यान में बाघ, हिरन, चीतल, तेंदुआ और शेर जैसे वन्य जीवों के अलावा 300 पक्षियों की प्रजातियाँ हैं।

घ) प्रः गिलहरियों के चिक् -चिक् करने का चाचा जी ने क्या अर्थ बताया ?

उः गिलहरियों के चिक् -चिक् करने का अर्थ है कि कोई शत्रु पक्षी इन्हें हानि पहुँचाने आया है इसलिए तुरंत बिल में छुप जाओ ।

ङ) प्रः कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का यह नाम क्यों पड़ा ?

उः यहाँ पाई जाने वाली मिट्टी के नाम से ही इस स्थान का नाम 'कान्हा राष्ट्रीय उद्यान' पड़ा।

च) प्रः कान्हा शब्द किससे बना है और इसका क्या अर्थ है ?

उः कान्हा शब्द 'कनहार' से बना है जिसका स्थानीय भाषा में अर्थ चिकनी मिट्टी है ।

पृष्ठ संख्या - 112

यह कार्य सुरुचि पुस्तक में करें

सही उत्तर चुनकर ✔ लगाइए |

क) जीव - जंतुओं के
ख) गिलहरियाँ
ग) बारहसिंगा

पृष्ठ संख्या - 114

4 प्रः विलोम शब्द लिखिए ।

प्राकृतिक - कृत्रिम
हानि - लाभ

दुर्लभ - सुलभ

हँसना - रोना

विशेष - साधारण

बंजर - उपजाऊ

5 प्रः अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।

क) पर्यटक

ख) प्राकृतिक

ग) दुर्लभ

घ) दर्शनीय

कुछ करने के लिए

राष्ट्रीय उद्यान	राज्य
काजीरंगा	असम
जिम कॉर्बेट	उत्तराखंड
सरिस्का	राजस्थान
पेरियार	केरल
सतपुड़ा	मध्य प्रदेश

पृष्ठ संख्या - 113

भाषा -ज्ञान का प्रः 1,2 तथा 3 हिंदी अभ्यास -पुस्तिका (Nolebook)में करें ।

नीचे दिए वाक्यों को पहचान कर काल का नाम लिखिए ।

क) मैं तुम्हें जबलपुर मध्य प्रदेश से पत्र लिख रही हूं - वर्तमान काल

ख) हम कल मुंबई घूमने जाएँगे। - भविष्य काल

ग) चिड़ियाघर घूमने गए थे। - भूतकाल

प्रः 2 : रंगीन शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए ।

क) उः हम इस समय छुट्टियाँ बिताने आए हैं ।

ख) उः गिलहरियाँ हमें चिक - चिक करती दिखाई दीं ।

ग) उः हमें दूसरों की गलतियाँ माफ़ कर देनी चाहिए ।

घ) उः हम तो वहाँ का नाम सुनते ही उछल पड़े ।

ङ) सैर करते हुए मुझे बहुत रोमांच हो रहा था ।

प्रः 3 निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।

क)उः क्या यह वन्य पशुओं का घर है?

ख) उः काश ! मैं भी विदेश जा पाऊँ ।

ग) उः जैसे ही चोर को देखो वैसे ही पकड़ लो ।

घ) शाबाश ! तुमने बहुत सुंदर चित्र बनाया ।

ङ) उः तुम बगीचे में खेलने नहीं जाओ ।